# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.12.2024 (संध्या 1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार; राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दी अंतिम विदाई।**
2. **केंद्र सरकार डॉ. मनमोहन सिंह को उचित सम्मान देने के प्रति वचनबद्ध, गृह मंत्रालय ने कहा– डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए सरकार जल्द करेगी जगह आवंटित।**
3. **वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया पलामू प्रमंडल में एमआरएमसीएच का निरीक्षण, व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश।**
4. **हज़ारीबाग़ ज़िला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो तस्कर समेत लगभग एक करोड़ रुपए मूल्य का डोडा बरामद।**

**और**

5. **हॉकी इंडिया लीग का अब से थोड़ी देर में होगा शुभारंभ, ओडिशा के राउरकेला में रात आठ बजे से खेला जाएगा उद्घाटन मैच।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*********************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया और तोपों की सलामी दी गई।

औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। साथ ही लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। पेश है एक रिपोर्ट–

*********************

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब राज्य में हुआ था। एक श्रद्धांजलि–

*********************

गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ था।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा और एनडीए सरकार देश के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उचित सम्मान देने के प्रति पूर्णरूप से वचनबद्ध है।

*********************

झारखंड सरकार के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने आज पलामू प्रमंडल के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले डॉक्टरों की उपस्थिति जांच की और पूरे अस्पताल परिसर का जायजा लिया। श्री किशोर ने मरीज़ों से अस्पताल की व्यवस्था पर भी बातचीत की। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करने के पक्षधर हैं लेकिन जमीनी स्तर पर सहयोग नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से मरीज़ों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया और कहा कि अगली बार कमियां पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

*********************

हजारीबाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध डोडा जब्त किया। बरामद 606 किलो 30 ग्राम डोडे की कीमत लगभग एक करोड़ रूपए है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जिसमें गाड़ी समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

*****************

हजारीबाग ज़िले में सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी की रांची में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद उनका शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों ने शव के साथ लोसिंघना थाने का घेराव कर अशोक कुमार समेत सभी आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

*****************

अमृत भारत के तहत देवघर और जसीडीह स्टेशन के विकास को गति दी जाएगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

राज्य में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और चतरा समेत 18 जिलों में कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है।

*****************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- गुमला ज़िले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ई–जनशिकायत कार्यक्रम के तहत् चैनपुर और भरनो प्रखंड के नागरिकों की समस्याओं का जायज़ा लिया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर नागरिकों द्वारा सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती और आधार कार्ड निर्माण जैसे मुद्दे उठाये गए।
- पाकुड ज़िले में कृषि पशुपालन एव सहकारिता विभाग ने पदाधिकारीयो एव कर्मीयो को लेखा संधारण एव सांख्यिकी का प्रशिक्षण दिया। विकास भवन में ऋण समाधान पर आयोजित इस मेगा शिविर में नीलाम वाद से संबंधित मामलों का निस्तारण करते हुए बकाया राशि की वसूली की गई।
- सरायकेला ज़िले के नगर क्षेत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधित नियम–2021 के अंतर्गत प्लास्टिक से बने कैरी बैग या उत्पाद प्रतिबंधित किया गया है। नगर पंचायत के प्रशासक शशि शेखर सुमन के निदेशानुसार नगर पंचायत, सरायकेला क्षेत्र में इसके तहत् छापामारी अभियान चलाया गया और दुकानों से जुर्माना भी वसूला गया।
- लोहरदगा ज़िले में 18 हाथियों के झुंड ने कुडू थाना क्षेत्र के दोबा गांव में दो मकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद माराडीह गांव में गांधी मेमोरियल टेन प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह के कार्यालय कक्ष की दो खिड़कियों के साथ एक टेबल और कुछ कागजात को क्षतिग्रस्त कर दिया।

*****************

हॉकी इंडिया लीग आज से ओडिशा के राउरकेला में शुरू हो रही है। उद्घाटन मैच बिरसा मुंडा स्टेडियम में रात आठ बजे खेला जाएगा।

हॉकी लीग दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण के मुकाबले आज से 18 जनवरी तक होंगे जिसमें सभी टीमों को आपस में एक बार खेलना होगा। दूसरा चरण 19 जनवरी से शुरू होगा, जिसमें टीमें दो पूल में होंगी। प्रत्येक पूल में टीमें आपस में खेलेंगी। दोनों पूल की दो शीर्ष टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 31 जनवरी को होगा। फाइनल मैच पहली फरवरी को खेला जायेगा।